एक नजर में

## इस रक्षाबंधन क्या है खास?

**इंदौर.** रक्षाबंधन सिर्फएक रस्म नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का जश्न है. इस खास मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने भाई-बहन के साथ इस दिन को खास और यादगार बनाने की तैयारियों के बारे में बात की। इन कलाकारों में शामिल हैं प्रियंवदा कांत ('घरवाली पेड़वाली' की लतिका), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी). प्रियंवदा कांत ने कहा अपने मां-पापा की एकलौती संतान होने के नाते, रक्षाबंधन हमेशा वो त्योहार रहा है जिसे मैं बचपन से मनाने की ख्वाहिश रखती थी. मैं अपने दोस्तों को उनके भाइयों को राखी बांधते देखती थी, और मन ही मन सोचती थी कि काश मेरा भी कोई भाई होता. ये ख्वाहिश तब पूरी हुई जब मैं मुंबई आई और एक्टर अयाज़ अहमद से मिली. धीरे-धीरे वो मेरे लिए उस भाई की तरह बन गए, जो कभी था ही नहीं. हिमानी शिवपुरी ने कहा, रक्षाबंधन हमेशा से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है. मेरा भाई हिमांशु मेरी सबसे बड़ी ताकत और सहारा रहा है. आज भी, चाहे वह कितना भी व्यस्त क्यों न हो, वह राखी पर जरूर आता है ताकि हम साथ मिलकर त्योहार मना सकें. विदिशा श्रीवास्तव ने कहा रक्षाबंधन मेरे दिल के बेहद करीब है. मेरे भाई गौरव और मेरे बीच हंसी-मजाक, शरारतों और गहरे स्नेह से भरा एक खूबसूरत रिश्ता है. इस साल मैंने तय किया है कि मैं इस दिन को उसके लिए और भी खास बनाऊंगी। म. उसकी सबसे पसंदीदा डिश-मटर पनीर और पूरियां, खुद अपने हाथों से बनाकर उसे सरप्राइज देने वाली हूं, जिसे वह बचपन से बेहद पसंद करता है.

## ओबेन इलेक्ट्रिक ने नेक्स्ट-जेन रॉर ईजी सिग्मा लॉन्च की

**इंदौर.** भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने आज अपनी नई कम्यूटर बाइक रोर ईज़ी सिग्मा लॉन्च कर दी है। यह एक दमदार और नेक्स्ट-जेन इलेक्ट्रिक कम्यूटर बाइक है, जिसकी शुरुआती कीमत खास इंट्रोडक्टरी ऑफर के तहत ?1.27 लाख रखी गई है. लॉन्च के मौके पर ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, रोर ईज़ी सिग्मा का लॉन्च शहरों में आवागमन के भविष्य को बदलने की हमारी यात्रा में एक बड़ा कदम है. इस नए जेनरेशन मॉडल के साथ हमने सिर्फ छोटे बदलाव नहीं किए, बल्कि आज के राइडर्स की गहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया है. इसमें इंटेलिजेंस, आराम और भरोसे को जोड़ा गया है, ताकि यह बाइक भारत के हिसाब से पूरी तरह फिट हो. रोर ईज़ी सिग्मा हमारी इसी प्रतिबद्धता को दिखाता है कि हम ऐसी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलें बनाएंगे जो सिर्फ टेक्नोलॉजी में एडवांस न हों, बल्कि लोगों की असल जिंदगी और उम्मीदों के साथ भी मेल खाती हों.

## नेटफ्लिक्स ने 'सारे जहां से अच्छा' का ट्रेलर रिलीज किया

**इंदौर.** जब देश अपनी आज़ादी का जश्न मना रहे होते हैं, तब कुछ लोग चुपचाप बिना हथियारों के, सिर्फ़ अपनी तेज़ दिमाग से जंग लड़ रहे होते हैं। ये गुमनाम हीरो परछाइयों में खो जाते हैं, न उनका नाम होता है, न चेहरा, न कोई मेडल, न कोई बड़ा सम्मान, न कोई शोर। ये होते हैं खुफिया अफसर और जासूस, जो ऐसी लड़ाइयाँ लड़ते हैं जिन्हें हम कभी देख नहीं पाते, ताकि हमें कभी उसका सामना न करना पड़े. नेटफ्लिक्स की आने वाली नई वेब सीरीज़ सारे जहां से अच्छा रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एजेंट विष्णु शंकर की कहानी है, जो दुश्मन के इलाके पाकिस्तान में एक बेहद खतरनाक मिशन पर निकलता है। सवाल ये है क्या वह इस मुश्किल मिशन में कामयाब हो पाएगा? 'सारे जहां से अच्छा' की कहानी 1970 के उस तनावपूर्ण दौर पर आधारित है, जब एक छोटी सी गलती से दुनिया में परमाणु जंग छिड़ सकता था और ताकत का संतुलन बिगड़ सकता था. इस सीरीज़ में भारत की रिसर्च एंड एनालिसिस विंग और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के बीच चालों की एक खतरनाक लड़ाई दिखाई गई है. विष्णु को आईएसआई एजेंट मुर्तज़ा मलिक से एक कदम आगे रहकर मात देनी है, ताकि एक बड़ा संकट टाला जा सके.

## कावड़ यात्रा का किया स्वागत



**इंदौर.** ग्राम दौलतपुर से निकली कांवड़ यात्रा का पप्पू एन पप्पू रिसॉर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया. स्वागत करता पप्पू रिसॉर्ट संचालक पवनदीप सिंह सबरवाल, निरंजन सिंग सेंगर, यशपाल मकवाना, गोपाल पटेल, देवेंद्र सायल, देवकरण, सेंधव लाखन सिंह सायल, गजराज सिंग सायल, उदय सिंह मकवाना, तेजसिंह उदना, कृपाल सिंह बाव समस्त ग्राम वासी ने स्वागत किया.

## हिमालया वेलनेस ने फेस वॉश को नया रुप दिया

**इंदौर.** प्राकृतिक देखभाल उत्पादों की अग्रणी कंपनी हिमालया वेलनेस ने पिंपल केयर के नियमों को नए सिरे से परिभाषित किया है. 25 वर्षों से देश में पिंपल-प्रोन स्किन के लिए सबसे पसंदीदा समाधान बने रहने के बाद प्रतिष्ठित हिमालया प्यूरीफाइंग नीम फेस वॉश अब पुन: तैयार है, नए रूप में, और पिंपल्स की समस्या से निजात दिलाने के लिए तैयार है. अब 5- पार्ट्स ऑफ़ नीम फॉर्म्युलेशन के साथ उन्नत ब्रांड का प्रमुख फेस वॉश त्वचा की देखभाल की सबसे निराशाजनक चुनौतियों में से एक से निपटने के लिए एक साहसिक कदम आगे बढ़ाता है .यह 5 पावरफुल पार्ट्स ऑफ द नीम प्लांट— परिपक्व पत्तियों, कोमल पत्तियों, फूल, फल और तने से युक्त है- नया फॉर्मूला सफाई से आगे बढ़कर पिंपल्स के चक्र को तोड़ने और उन्हें दोबारा होने से रोकने में मदद करता है. राजेश कृष्णमूर्ति, बिज़नेस डायरेक्टर कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स डिवीज़न, हिमालया वेलनेस कंपनी, ने कहा 25 वर्षों से हिमालया नीम फेस वॉश देशभर के करोड़ों लोगों की त्वचा की देखभाल के लिए भरोसेमंद साथी रहा है।.यह रीलॉन्च उस यात्रा का अगला अध्याय है। फाइव पार्ट्स ऑफ नीम और उन्नत शोध की शक्ति के मेल से हम आज की युवा पीढ़ी को एक ऐसा समाधान दे रहे हैं जिस पर वे स्पष्ट और स्वस्थ त्वचा के लिए भरोसा कर सकते हैं.

## फैबइंडिया ने लॉन्च किया रक्षाबंधन कलेक्शन

**इंदौर.** फैबइंडिया ने रक्षाबंधन 2025 के अवसर पर अपना नया फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च कर दिया है। यह ख़ास कलेक्शन पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिजाइन सौंदर्य का सुंदर संगम है. कपड़े और होम एंड लाइफस्टाइल श्रेणियों में उपलब्ध यह कलेक्शन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कोमलता, प्रेम और गरिमा के साथ दर्शाता है. इस वर्ष का कलेक्शन एक आकर्षक गुलाबी रंग-पैलेट पर आधारित है, जिसमें हल्का गुलाबी, गहरा गुलाबी और फ्यूशिया जैसे जीवंत रंग शामिल हैं। हर डिज़ाइन में पारंपरिक खड़ी प्रिंटिंग और मेटैलिक एम्ब्रॉयडरी जैसी कारीगरी का उपयोग किया गया है, जो परिधानों को एक ख़ास फेस्टिव लुक और चमक प्रदान करते हैं. यह कलेक्शन राखी में गिफ्टिंग के इरादे से भी एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें ऐसे कपड़े और खास गिफ़्टिंग सेट शामिल हैं जो प्यार और अपनापन दिखाते हैं। चाहे पूरा सेट हो या कोई एक खास पीस, ये आपके अपनों के लिए एक यादगार तोहफा होगा.

## इंडस ऐप स्टोर और एल्काटेल ने पार्टनरशिप की

**इंदौर.** भारत में बने एंड्रॉइड ऐप मार्केटप्लेस इंडस ऐपस्टोर ने आज फ्रेंच टेक्नोलॉजी कंपनी एल्काटेल के साथ रणनीतिक पार्टनरशिप की घोषणा की है. इस लॉन्ग-टर्म पार्टनरशिप के तहत, अब भारत में बिकने वाले एल्काटेल के सभी स्मार्टफोन में इंडस ऐपस्टोर पहले से इंस्टॉल रहेगा. इससे दोनों कंपनियों को देशभर के लाखों यूज़र्स तक अपनी पहुंच बनाने और लोकल ऐप मार्केप्लेस की मदद से नए विकल्प उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी. इस पार्टनरशिप के बारे में जानकारी देते हुए इंडस ऐपस्टोर की चीफ़ बिज़नेस ऑफ़िसर प्रिया एम. नरसिम्हन ने कहा हम भारत में अल्काटेल की यात्रा की शुरुआत में ही उनके साथ पार्टनरशिप करके बेहद उत्साहित हैं. इस सहयोग के ज़रिए अल्काटेल यूज़र्स को एक स्वदेशी प्लेटफ़ॉर्म पर ऐप्स खोजने और उनका अनुभव लेने का मौका मिलेगा, जो सही मायनों में लोकलाइज़ेशन और पर्सनलाइज़ेशन प्रदान करता है. यह पार्टनरशिप न केवल इंडस ऐपस्टोर की पहुंच को बढ़ाती है, बल्कि डेवलपर्स और मार्केटर्स को अपने ऐप्स को लोगों तक पहुंचाने और देशभर में अधिक से अधिक यूज़र्स से जुड़ने का एक बेहतरीन अवसर भी देती है.



# नर्मदा चौथे चरण और निगम आइकॉनिक बिल्डिंग निर्माण के टेंडर जारी करने की मंजूरी

▶ एमआईसी की बैठक में निर्णय

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम महापौर परिषद की बैठक में आज नर्मदा चौथे चरण प्रस्ताव और निगम आइकॉनिक बिल्डिंग के टेंडर जारी करने की मंजूरी दी गई. इसके साथ ही एमआईसी में कांग्रेस पार्षद को बर्खास्त करने के प्रस्ताव को परिषद में रखने निर्णय लिया गया.**

आज नगर निगम एमआईसी बैठक में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए है. पहला शहर में नर्मदा का चौथे चरण लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई. इसके तहत 900 एमएलडी पानी शहर की मिलने लगेगा. नर्मदा के साथ ही 37 नई पानी की टंकी निर्माण भी की जाएगी, जो अमृत 2.0 की राशि से बनाई जाएगी. इस पर करीब निगम को 650 करोड़ से ज्यादा की लागत आएगी. एक और महत्वपूर्ण निर्णय किया गया है, जिसमें नगर निगम के पुराने भवन को तोड़कर नई आइकॉनिक बिल्डिंग निर्माण किया जाएगा. नई आइकॉनिक बिल्डिंग 309 करोड़ बनाने के लिए टेंडर बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है. उक्त निगम बिल्डिंग में नीचे व्यवसायिक निर्माण और उपर की मंजिलों में निगम के विभाग होंगे. उक्त बिल्डिंग बैंक लोन से बनाई जाएगी. एमआईसी बैठक में आयुक्त शिवम वर्मा, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान, राजेंद्र राठौर, अभिषेक शर्मा, मनीष शर्मा, राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाड़िया और अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, नरेंद्रनाथ पाण्डे, मनोज पाठक, अभय राजनगांवकर सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### पार्षद कादरी को बर्खास्त करने के प्रस्ताव मंजूर

इसके अतिरिक्त कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को निगम की सदस्यता से बर्खास्त करने के प्रस्ताव को एमआईसी ने मंजूर किया गया. इसके बाद तह प्रस्ताव परिषद एमडी रखा जाएगा, परिषद में बहुमत के आधार पर कादरी को पार्षद पद से हटाने की कारवाई की जाएगी.

# नगर सरकार आपके द्वार अभियान शुरू होगा : महापौर

▶ जनता का भरोसा और विश्वास से भाजपा की 25 वर्षों से परिषद



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज शहर में भाजपा नगर निगम परिषद की रजत जयंती और महापौर कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर नगर सरकार आपके द्वार अभियान चलाएगी. इसमें वार्ड पार्षदों का रिपोर्ट कार्ड मालूम होगा. जनता के फीडबैक से भाजपा पता करेगी कि पार्षद और सरकार कैसे काम कर रही है, वह संतोषजनक है या नहीं.**

आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे किए. इस दौरान उन्होंने मीडिया को बताया कि उनके कार्यकाल में 15 सौ किलोमीटर पानी लाइन बिछाने, 635 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण, 350 किलोमीटर ड्रेनेज लाइन डालने का कार्य किया है और कुछ कार्य चल रहे है. यह सब काम स्वच्छता अभियान के साथ किए गए है. जनता और अधिकारियों, कर्मचारियों के बीच समन्वय से हम शहर के विकास को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रहे है. महापौर ने कहा कि शहर में पब्लिक बॉन्ड के जरिए 60 मेगावॉट का जल्द में सोलर प्लान निर्मित किया जा रहा है, जो सितंबर में अपना काम शुरू कर देगा. बॉन्ड के बदले निगम ने पहली किस निवेशकों को देना शुरू कर दिया है. पर्यावरण को लेकर 12.लाख 41 हजार पौध लगाए और इनके संरक्षण का काम किया जा रहा है. इस साल भी हमने लाखों पौधे लगाए हैं और उनकी देखभाल क्षेत्रीय सामाजिक संस्थाओं को दी है. शहर जनता में स्वास्थ को लेकर 71 संजीवनी क्लिनिक खोले है. कई वार्डों में योग मित्र के शेड बनाए हैं. 27 नई पानी की टंकियों से जल वितरण किया जा रहा है.

> नगर निगम ने गणेश घाट हो या कर्बला मैदान की जमीन वापस ली है. गत वित्तीय वर्ष में 1 हजार करोड़ कर राशि वसूल कर रिकॉर्ड कायम किया है. यह जनता का भाजपा की नगर परिषद के प्रति भरोसा है कि हम 25 साल से निरंतर शहर के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे है. महापौर ने सभी कार्य के लिए जनभागीदारी और जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी नगर सरकार अब आपके द्वार अभियान शुरू करेगी. पार्षदों के कामों की विस्तार से जानकारी लेकर कमियों को दूर करेगी.




# अग्रवाल मैत्री संघ के परिवारों ने उत्साह से मनाया मैत्री दिवस

**इंदौर. श्री अग्रवाल मैत्री संघ विजय नगर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मैत्री दिवस के उपलक्ष्य में माहेश्वरम भवन पर एक आत्मीय मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें संघ से जुड़े सदस्यों ने सपरिवार उत्साहपूर्व शामिल होकर दोस्ती के अटूट बंधन को प्रेम, हास्य और मधुर स्मृतियों को ताजा कर मनाया.**

संघ के अध्यक्ष डॉ. पवन गर्ग ने सभी सदस्यों की अगवानी की. पूर्व अध्यक्ष हेमंत अग्रवाल ने कहा कि आगामी मेगा आयोजन 'ये जो देश है मेरा' थीम पर होगा, जिसमें विश्व प्रसिद्ध मिलिंद सुरेश की टीम के नेतृत्व में अग्रवाल महिला प्रगति क्लब के सहयोग से देशभक्ति से प्रेरित आयोजन होगा. समारोह में जी.एस. अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, दीपक खेतान, एस.एन. गोयल, संजीव अग्रवाल, लोकेश दादू, विनय अग्रवाल, मधुकर श्राफ, सुभाष अग्रवाल एवं डॉ. संदीप गोयल ने भी मैत्री पर अपने प्रेरक विचार रखे, वहीं सुबोध अग्रवाल, मनोज गुप्ता, दामोदर अग्रवाल, महेश सी. बंसल, नवीन गर्ग, डॉ. पी.जे. अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, एन.एल. बंसल, प्रमोद अग्रवाल, रमेश बंसल, विवेक अग्रवाल, निरंजन गर्ग, संदीप अग्रवाल, रसनिधि गुप्ता, जी.के. बिंदल, मिथिलेश मंगल, पी.डी. गुप्ता, राजकुमार पोत्दार एवं रघुनाथ अग्रवाल सहित अनेक सदस्यों ने इस प्रस्तावित कार्यक्रम के बारे में अपने सुझाव भी दिए. सचिव पूजा अग्रवाल ने आभार माना. उपाध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने दोस्ती को सबसे बड़ा रिश्ता बताते सदभावनाएं व्यक्त की.

# इंदौर हमेशा हटकर करता है काम : मुख्यमंत्री

▶ शहर के समस्त 85 वार्डों में जन आभार उत्सव का आयोजन

▶ मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री वर्चुअल रूप से हुए शामिल

**इंदौर. नगर निगम परिषद के 25 गौरवशाली वर्षों और वर्तमान परिषद के 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को इंदौर शहर के समस्त 85 वार्डों में जन आभार उत्सव का आयोजन किया गया. यह आयोजन नगर निगम और नागरिकों के बीच पारस्परिक विश्वास, सहभागिता और विकास के नए संकल्प का प्रतीक बना.**

मुख्य समारोह वर्ल्ड कप चौराहे पर आयोजित किया गया, जिसमें महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक महेंद्र हार्डिया तथा क्षेत्रीय पार्षदों और बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही. कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का वर्चुअल संबोधन रहा, जिसे शहरभर के वार्डों में लाइव प्रसारित किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, इंदौर जो काम करता है, वह हमेशा हटकर करता है. इंदौर में महापौर और टीम के नवाचारों ने विकास की रफ्तार को नया आयाम दिया है. आज कैबिनेट बैठक के दौरान इंदौर मेट्रोपॉलिटन एक्ट का प्रस्ताव पारित किया गया है, जो मालवा क्षेत्र के विकास को और गति देगा.



### महापौर ने वर्ष 2050 के इंदौर की रखी आधारशिला

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह समारोह नगर सरकार की जनता के साथ साझेदारी का उत्सव है. उन्होंने कहा हमारा कार्यकाल केवल 5 वर्षों का नहीं, बल्कि वर्ष 2050 तक की दिशा तय करने वाला है. इसी दृष्टि से हमने डिजिटल, ग्रीन और सोलर इंदौर की दिशा में ठोस बुनियादी कार्य किए हैं. नगर सरकार आपके द्वार अभियान के अंतर्गत हम हर वार्ड में प्रतिदिन नागरिकों से संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान करेंगे. महापौर ने बताया कि प्रत्येक पार्षद ने अपने वार्डों में बीते 3 वर्षों में किए गए कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया, वहीं नगर विकास की डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई.

### विकास यात्रा को मजबूती दी

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कैलाश द्वारा शुरू की गई विकास यात्रा को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मजबूती दी है. इंदौर अब स्वच्छता से आगे बढ़कर डिजिटल, सोलर और पर्यावरणीय दृष्टि से आदर्श बन रहा है.

### विकास की 25 वर्षीय यात्रा को मिली नई दिशा : विजयवर्गीय

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर को सतत विकास का प्रतीक बताते हुए कहा महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में इंदौर आने वाले 25 वर्षों के लिए तैयार हो रहा है. ट्रैफिक हो या जल प्रबंधन, हर चुनौती का समाधान तय है. मेरा सपना था कि इंदौर देश के विकास मॉडल में सबसे ऊपर हो, और आज वही सपना साकार हो रहा है.

विधायक महेंद्र हडिया ने नर्मदा परियोजना और ट्रैफिक फ्लाईओवर जैसे प्रमुख कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महापौर के 3 वर्षों में जल संकट दूर हुआ है और यातायात सुगम बना है. यह विकास की सच्ची उपलब्धि है.

# बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने का निर्णय वापस लेने की मांग

▶ कांग्रेस ने किया संभागायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**इंदौर. कांग्रेस ने आज हेलमेट की अनिवार्यता से आम जनता को राहत देने की मांग की है. कांग्रेस ने कहा है कि हेलमेट को चाहे अनिवार्य करें, लेकिन बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने का निर्णय वापस लिया जाए.**

आज कांग्रेस ने बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने के विरोध में संभाग आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में किया गया. प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने कहा की इंदौर में 13 लाख दो पहिया वाहन हैं. इतनी बड़ी संख्या में हेलमेट उपलब्ध कराना प्रशासन के लिए भी मुश्किल है. प्रशासन को इस निर्णय पर पुन: विचार करना चाहिए. वर्मा ने कहा कि हेलमेट बिना पेट्रोल नहीं देने का निर्णय वापस नहीं लेना है तो मुख्यमंत्री मोहन यादव आम जनता को लाडली बहना के तर्ज पर भाइयो को हेलमेट फ्री में उपलब्ध करवा दें. निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि हम हेलमेट को लागू करने का विरोध नहीं कर रहे हैं. हमारा कहना है कि लोगों को हेलमेट खरीदने का वक्त दिया जाना चाहिए. इसके साथ ही इंदौर में गाड़ियों की संख्या के अनुपात में आईएसआई मार्क वाले हेलमेट की उचित कीमत पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाना चाहिए. प्रदर्शन में शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंडित कृपा शंकर शुक्ला, राजेश चौकसे, महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सोनाली मिमरोट भाटिया, रीता डागरे, रीना सेठिया, सुरेश मिंडा, पार्षद अनवर दस्तक, राजू भदौरिया, रफीक ख़ान, अनसाफ़ अंसारी, सीमा सोलंकी, कुणाल सोलंकी, सेफ़ू वर्मा , शेख अलीम, सुदामा चौधरी, राजा चौकसे, सच सलूजा, गिरधर नागर, अमित चौरसिया, अरविंद बागड़ी , शशि हाड़ा, और अन्य नेता शामिल थे.



### आदेश में नरमी बरती जाना चाहिए

चौकसे ने कहा कि जब तक लोग हेलमेट खरीद नहीं लेते हैं, तब तक के लिए हेलमेट को अनिवार्य करने के आदेश में नरमी बरती जाना चाहिए. हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं जैसे फरमान को वापस लिया जाना चाहिए. साथ ही सिख समाज के नागरिकों और महिलाओं को हेलमेट की अनिवार्यता से आजादी दी जाना चाहिए. इस प्रदर्शन के साथ कांग्रेस के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम पर एक ज्ञापन दिया गया. ज्ञापन का वाचन अमित पटेल ने किया.



# अन्नपूर्णा आश्रम से निकली काशी विश्वनाथ की शाही सवारी

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर के पश्चिमी क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा आश्रम से श्रावण मास के उपलक्ष्य में निकली भगवान काशी विश्वनाथ की शाही सवारी का पूरे क्षेत्र में जबर्दस्त स्वागत हुआ. यात्रा अन्नपूर्णा मंदिर से गंगेश्वर धाम, बैंक कालोनी, नरेन्द्र तिवारी मार्ग, गुमाश्ता नगर तिराहा, रणजीत हनुमान मंदिर के सामने से सत्संग भवन मार्ग से रेवेन्यू कालोनी चौराहा होते हुए पुन: अन्नपूर्णा मंदिर पहुंची, जहां सैकड़ों भक्तों ने काशी विश्वनाथ की पूजा-अर्चना एवं आरती की।**

आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में निकली इस यात्रा में समाजसेवी एवं मंदिर संचालन समिति के विष्णु बिंदल, भूपेश गुप्ता, नरेन्द्र जैन, पार्षद बबलू शर्मा, निरंजनसिंह चौहान गुड्डू भी शामिल हुए। काशी विश्वनाथ की शाही सवारी सवारी का संचालन भक्त मंडल की ओर से मंदिर के संचालक स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि क मार्गदर्शन में राजेश सावल, राजेश वर्मा, ओम दुबे, प्रदीप शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, विजय सोनी, अनिल मास्टर, बाबू पुरोहित, राकेश अग्रवाल, जीतू कुशवाह एवं मोनू कुशवाह सहित सैकड़ों भक्तों ने किया और भक्तों की अगवानी की. मंदिर पर श्रावण मास में 11 विद्वान पंडितों द्वारा आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में लघु रुद्र एवं सहस्त्रार्चन के साथ ही मुख्य मंदिर एवं अन्य सभी देवालयों पर आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है. श्रावणी अनुष्ठान का समापन 10 सितम्बर को होगा।




# सुरीली बिछात द्वारा किशोर कुमार के गीतों पर कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**इंदौर. सुरीली बिछात संगीत संस्था द्वारा किशोर कुमार की फिल्मों के गीतों पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था. मोनिका व्यास ने सूत्रधार के रूप में बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाई.**

जाल सभाग्रह में दर्शकों ने किशोर दा से जुड़ी रोचक जानकारियां और मनभावन गीतों का आनंद लिया. प्रमुख सिंगर पुणे से श्री मकरंद पाटणकर व मुंबई की प्रसिद्ध गायिका अंकिता ब्रह्मे आज ने अपनी आवाज के जादू से श्रोताओं के दिलों को जीत लिया. साथ ही राकेश नगर, हर्षिता, मोनिका व्यास, शिवांगी और आशीष जैन ने भी खूब दाद बटोरी. संचालक गोपाल वाधवा, कंचन वाधवा और उनके संचालक मंडल की तरफ से शहर के किशोर प्रेमी श्रोताओं के लिए यह एक विशेष सौगात रही.

एक नजर में ▶ फ्रेंडशिप डे पर रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3040 की इंटरसिटी मीट

# रोटरी के लोकसेवा कार्यों को पहुँचाना है जन-जन तक

नवभारत न्यूज

**इंदौर. रोटरी इंटरनेशल ग्रुप एक ऐसा नाम है जो सामाजिक हित से जुड़े विभिन्न उद्देश्यों के साथ दुनियाभर में काम करता है. इसी कड़ी में फ्रेंडशिप डे पर रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3040 की इंटरसिटी मीट शहर में सम्पन्न हुई।**

इसमें खासतौर पर संगठन में महिलाओं की भूमिका, संगठन की सार्वजनिक छवि और संगठन की सदस्यता जैसे विषयों पर पैनल डिस्कशन हुए. भंडारी रिसॉर्ट में इंटरसिटी मीट ऑन मेंबरशिप डेवलपमेंट एंड पब्लिक इमेज - आव्हान के नाम से यह कार्यक्रम रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स द्वारा आयोजित किया गया, जिसका प्रतिनिधित्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा और फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा ने किया.



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक महाजन थे जिन्होंने रोटरी में नई पीढ़ी को जोड़ने और जन-छवि सुधारने पर प्रेरणादायक विचार रखे. साथ ही यतीन्द्र नाडकर्णी, जोनल मैनेजर, जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कॉर्पोरेट सेक्टर में रोटरी के योगदान व बैंकिंग से सामाजिक जुड़ाव पर विचार साझा किए. आयोजन का शुभारंभ कार्यक्रम के चेयरमैन गौरव पारीक ने अतिथियों का स्वागत कर किया. जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट 3040 के असिस्टेंट गवर्नर रिंकेश शाह ने कहा- इस मीट का उद्देश्य रोटरी के लोकसेवा कार्यों को जन-जन तक पहुँचाना है, जिससे संगठन की जनछवि सुदृढ़ हो और अधिक से अधिक नागरिक रोटरी से जुड़ें. इस सम्मेलन के माध्यम से सेवा की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा और क्लबों के बीच सहयोग एवं सुदृढ़ समन्वय स्थापित होगा. इसके अंतर्गत हमने रोटरी में सदस्यता, रोटरी की सार्वजनिक छवि और रोटरी में महिलाओं की भूमिका विषय पर पैनल डिस्कशन आयोजित किए जिनका संचालन क्रमश: धीरन दत्ता, घनश्याम सिंह तथा दीप्ति कोठारी ने किया.

### महिलाओं के लिए स्पेशल गतिविधियां

इसके साथ ही सावन के खास महीने और फ्रेंडशिप डे के अवसर सभी सदस्यों को आकर्षक उपहार दिए गए. महिलाओं के लिए विशेषतौर पर सावन स्पेशल गतिविधियां आयोजित की गईं और फ्रेंडशिप डे स्पेशल म्यूजिकल तंबोला आयोजित किया गया.